वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415 / 2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

दिनांक 09 / 11 / 2023

पत्रांकः 2999 / वी0मा0सिं0भ0 / उ0प्रौ0वि0वि0 / 2023

सेवा में,

निदेशक,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून,

विषयः– विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह 27, जनवरी 2024 के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 27, जनवरी 2024 (शनिवार) को अपना 20वां स्थापना दिवस समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाना है। इसी दिन विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मेलन UTU Alumni Meet 2024 का आयोजन भी किया जायेगा जिसमें पूर्व छात्रों में आपसी नेटवर्क बढ़ाने के साथ विश्वविद्यालय से सम्बन्ध सुदृढ़ करने एवं चयनित पूर्व छात्रों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट योगदान हेतु कतिपय UTU Alumni Award(s) भी वितरित किये जायेगें जिसके लिए आपसे पूर्व में ही नामांकन की अपेक्षा की जा चुकी है।

विश्वविद्यालय के सन्दर्भित स्थापना दिवस समारोह में वर्ष 2023 की उपलब्धियों को संकलित करते हुये एक digital Souvenier भी प्रकाशित किया जायेगा जिस हेतु आपसे अपेक्षा है कि कृपया अपनी संस्था की वर्ष 2023 में हुयी महत्वपूर्ण उपलब्धियों का सूक्ष्म व स्पष्ट विवरण अधिकतम 5 Power Point Slide में विश्वविद्यालय को e-mail– vmsbutu@uktech.ac.in पर 08 जनवरी, 2024 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थानों की उपलब्धियों को संकलित करते हुये समयबद्ध रूप से प्रकाशित किया जा सके।

भवदीय,

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1–निजी सचिव, कुलपति, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2–वित्त नियंत्रक, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून, को सूचनार्थ।
3–परीक्षा नियंत्रक, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून, को सूचनार्थ।
4–वेब मास्टर, को आशय के साथ कि सभी संस्थाओं और सम्बन्धितों को ई0मेल0 के माध्यम से सूचना प्रेषित करना सुनिश्चित करें एवं वेबसाइट पर अपलोड करें।
5–गार्ड फाइल।

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव